न्यायालय उपखण्ड अधिकारी केकड़ी जिला –अजमेर(राजस्थान)

राजस्व प्रार्थना पत्र 12/2020 (2020/00033)

रामप्रसाद पुत्र गोपाललाल जाति वैष्णव निवासी मोलकिया तहसील केकड़ी जिला अजमेर राजस्थान

–प्रार्थी

बनाम

राजस्थान सरकार जरिये तहसीलदार केकड़ी जिला अजमेर (राज) ––अप्रार्थी

आदेश

दिनांक 1.7.21

प्रार्थी रामप्रसाद पुत्र कालू के द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना पत्र की जॉच तहसीलदार केकड़ी से करवायी गयी। तहसीलदार केकडी द्वारा प्रस्तुत जॉच रिपोर्ट उनके पत्र क्रमांक/भू.अ./2019/8029 दिनांक 04.12.2019 से इस न्यायालय मे प्रस्तुत हुई है। जॉच रिपोर्ट के साथ पटवारी पटवार मण्डल मण्डा/भू.अ.नि.कालेड़ा कृष्ण गोपाल के द्वारा की गई जॉच रिपोर्ट साथ संलग्न की है। जिसके मुताबिक ग्राम मोलकिया की जमाबंदी संवत् 2073–76 के खाता संख्या नया–पुराना 282–222,274–210,234–86 मे प्रार्थी का नाम कालू पुत्र गोपालदास वैष्णव दर्ज किया हुआ है। प्रार्थी द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजात यथा आधार कार्ड संख्य 7329 0175 6608,मामाशाह कार्ड संख्या YMGQOSS ,भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी पहचान पत्र TAR/0654467 की जांच करने पर उक्त दस्तावेजात मे प्रार्थी का नाम रामप्रसाद पुत्र गोपालदास निवासी मोलकिया दर्ज है। जो सही है। अतः प्रार्थी का नाम संवत् 2073–76 की जमाबंदी के खाता संख्या मे प्राप्त दस्तावेजों आधार पर तथा ग्रामवासियो से व्यक्तिगत पूछताछ के आधार पर उक्त खाता संख्या नया–पुराना 282–222,274–210,234–86 मे प्रार्थी का नाम रामप्रसाद उर्फ कालू पि0 गोपालदास साधू दुरूस्त किया जाना उचित बताया है।

अतः तहसीलदार केकड़ी की रिपोर्ट जो भू0अ0निरीक्षक कालेड़ा कृष्ण गोपाल व पटवारी पटवार मण्डल मण्डा द्वारा मजमे आम मे मौतबिरान की मौजूदगी मे दिनांक 15.11.2019 को तैयार करवायी गयी है,के आधार पर प्रार्थी का प्रार्थना पत्र अंतर्गत धारा 136 एल0आर0एक्ट का स्वीकार किया जाता है। ग्राम मोलकिया की जमाबंदी संवत् 2073–76 के खाता संख्या नया–पुराना 282–222,274–210,234–86 मे प्रार्थी का नाम कालू पुत्र गोपालदास दर्ज किया हुआ है के स्थान पर इन खातो मे रामप्रसाद उर्फ कालू पुत्र गोपालदास साधु दर्ज किये जाने के आदेश तहसीलदार केकड़ी को दिए जाते है। अन्य इन्द्राज बदस्तूर रहे। तहसीलदार राजस्व रेकार्ड मे अमल दरामद की कार्यवाही करे। खर्चा फरिकन अपना अपना वहन करे।

आदेश खुले न्यायालय मे सुनाया गया।

Signature Not Verified
Digitally signed by Surendra Singh Purohit
Date: 2021.07.29 12:58:29 IST
Reason: SelfAttested

उपखण्ड अधिकारी केकड़ी (अजमेर)

(सुरेन्द्र सिंह पुरोहित)
उपखण्ड अधिकारी
उपखण्ड अधिकारी केकड़ी (अजमेर)